बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-71
07/02/2021

उत्तराखण्ड आपदा पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री से दूरभाष पर की वार्ता

पटना, 07 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उत्तराखण्ड आपदा के संदर्भ में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से दूरभाष पर वार्ता की और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। वार्ता के समय उत्तरखण्ड के मुख्यमंत्री घटनास्थल पर ही मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से बातचीत के क्रम में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आप जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण पाने में सफल होंगे और उत्तराखण्ड इस त्रासदी से शीघ्र उबर जायेगा। आपदा की इस घड़ी में हमलोग आपके साथ हैं।'

******